# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय
ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY
मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार
( संसद के अधिनियम 1985 क्र. 50 के तहत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर : 439, कमला नगर अस्पताल के सामने, कमला नेहरू नगर, पाल लिंक रोड, जोधपुर - 342008
फोन : 0291-2012987, 9414036579 वेबसाईट : www.ignou.ac.in ई-मेल : rcjodhpur@ignou.ac.in

## शिक्षार्थी दर्शिका

**प्रिय शिक्षार्थी,**

सर्वप्रथम, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से जुड़ने पर विश्वविद्यालय की ओर से हार्दिक अभिनन्दन व बहुत-बहुत बधाई।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस विश्वविद्यालय में आपका नामांकन हो चुका है। आपका पंजीकरण विवरण तथा शिक्षार्थी पहचान-कार्ड इस पत्र के साथ संलग्न है जिसमें 9 अंकों की अनुक्रमांक संख्या अंकित है जो विश्वविद्यालय में आपकी वैयक्तिक पहचान है।

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( इग्नू ) :

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय 1985 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है। यह विश्वविद्यालय स्थान, समय, उम्र, जाति, रंगभेद, भाषा और धर्म की दीवारों से परे समाज के सभी वर्गों को विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिये वचनबद्ध है। शिक्षा के लोकतंत्रीकरण के राष्ट्रीय उद्देश्य में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हुए इग्नू देश के हर कोने में शिक्षा का प्रसार कर रहा है। आज यह विश्वविद्यालय 30 लाख शिक्षार्थियों के साथ पूरे देश में 67 क्षेत्रीय केन्द्रों और लगभग 3000 अध्ययन केन्द्रों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से उच्च शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। सहभागी संस्थाओं के जरिये लगभग 5500 शिक्षार्थियों के साथ इग्नू की महत्त्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय उपस्थिति है। इग्नू शिक्षार्थियों को 21 विद्यापीठों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में 228 शैक्षणिक कार्यक्रम उपलब्ध करा रहा है। यह देश का ऐसा पहला विश्वविद्यालय है जिसने सबसे पहले तिहाड़ जेल में शिक्षा उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया है और आज देश भर में केन्द्रीय एवं जिला स्तर पर स्थापित जेलों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

इग्नू के कार्यक्रम मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली, (Open & Distance Learning) द्वारा संचालित किये जाते है। कुछ शिक्षार्थियों के लिये शिक्षण की यह प्रणाली व अध्ययन का यह तरीका दोनों ही नये है। इस विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति शिक्षार्थी केंद्रित है और अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया में शिक्षार्थी सक्रिय रूप से भागीदार होते हैं। इस शिक्षण पद्धति में स्व-अध्ययन, स्व-शिक्षण सामग्री (Self Learning Material) (SLM) और सत्रीय कार्यो (Assignments) की मुख्य भूमिका होती है। साथ ही, समय-समय पर क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा शिक्षार्थियों के लिए आवश्यक परामर्श सत्रों का भी आयोजन किया जाता हैं।

### विश्वविद्यालय की विशेष उपलब्धियाँ :

- विश्वविद्यालय में विशालतम मुक्त विश्वविद्यालय के रूप में इग्नू का आविर्भाव
- यूनेस्को द्वारा इग्नू 'उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा संस्थान' घोषित (2010)
- कामनवेल्थ ऑफ लर्निंग द्वारा 'दूरस्थ शिक्षा समाग्री' के लिये उत्कृष्ठ पुरस्कार (1999)
- कामनवेल्थ ऑफ लर्निंग द्वारा 'दूरस्थ शिक्षा श्रेष्ठता' के केन्द्र के रूप में मान्यता (1993)
- विशिष्टीकृत अध्ययन : स्थान, समय और अध्ययन की अवधि के सम्बन्ध में लचीलापन
- शिक्षार्थी सहायता सेवाओं का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क
- शिक्षार्थियों की जरूरतों के अनुसार प्रासंगिक एवं सामाजिक शैक्षिक कार्यक्रम
- इग्नू आपको अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की उच्च शिक्षा प्राप्ति का अवसर

इग्नू 1985 में संसद के अधिनियम (1985 का अधिनियम 50) द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। इग्नू की उपाधियाँ/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए आई यू) के सभी सदस्य संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और सभी भारतीय विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थानों की उपाधियाँ/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र के समतुल्य हैं।

Scanned by CamScanner

क्षेत्रीय केन्द्र जोधपुर की स्थापना सन् 2012 में राजस्थान के 13 जिलों जोधपुर बीकानेर, नागौर, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, राजसमन्द, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ को मिलाकर की गई।

### अध्ययन केन्द्र :

शिक्षार्थियों को निजी तौर पर सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय ने पूरे देश में अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं। अध्ययन केन्द्रों में शिक्षार्थी शैक्षणिक परामर्शदाताओं और अन्य शिक्षार्थियों से सम्पर्क करते हैं, पुस्तकालय में पढ़ते हैं दृश्य-श्रव्य कैसेट देखते/सुनते हैं और प्रशासनिक तथा शिक्षा संबंधी विषयों पर समन्वयक से परामर्श करते हैं। अध्ययन केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रकार की शिक्षार्थी सहायता सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। अध्ययन केन्द्र के परामर्श सत्रों की सारणी अपने केन्द्र से अवश्य प्राप्त करें तथा उसी के अनुसार अपने अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क करें । Assignment जमा करवाना, Counseling Theroy and Practical Project संबंधी कार्य, परीक्षा फार्म का सत्यापन इत्यादि कार्यों के लिए आप अपने अध्ययन केन्द्र पर संपर्क करें।

### अध्ययन सामग्री :

इग्नू द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र-अध्ययन केन्द्र के माध्यम से प्रदान की जाने वाली अध्ययन सामग्री देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ समूह द्वारा तैयार की गई है, जिसके द्वारा शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षा प्रदान की जाती है। यह अध्ययन सामग्री अन्य विश्वविद्यालयों की पाठ्य-सामग्री से बिल्कुल भिन्न हैं। यह अध्ययन सामग्री स्वपठन के लिये उपयुक्त है तथा इसमें शिक्षक भी निहित है। यह अध्ययन सामग्री उपलब्धता के अनुसार आपको इग्नू मुख्यालय के सामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग (Material Production & Distribution Division) द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### परामर्श सत्र :

प्रत्येक सत्र में नवनामांकित शिक्षार्थियों के लिए सत्र के आरम्भ में एक परिचय बैठक (Induction Meeting) का आयोजन आवंटित अध्ययन केन्द्र द्वारा किया जाता है ताकि वे इग्नू को अच्छी तरह समझ सकें। इसमें शिक्षार्थियों को कार्यक्रम संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। पाठ्यक्रम को और सरल तरीके से समझने के लिए अध्ययन केन्द्र में अवकाश के दिनों में परामर्श-सत्र आयोजित किये जाते हैं, जिसका विस्तृत विवरण अपने अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं। प्रायोगिक परामर्श-सत्रों में जैसे MCA, BCA, MAPC, BSC इत्यादि में भाग लेना अनिवार्य है तथा 75% से कम उपस्थिति होने पर आपको परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

### सत्रीय कार्य :

विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य जमा किये जाते हैं जिसका भारांक (Weightage) कुल प्राप्तांक का 25% से 30% तक होता है। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये आप सत्रीय कार्य जून सत्रांत परीक्षा के लिए 31 मार्च तक एवं दिसम्बर सत्रांत परीक्षा के लिए 30 सितम्बर तक अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्र पर सत्रीय कार्य जमा करते समय प्रमाण-स्वरूप पावती (Receipt) अवश्य प्राप्त करें। जमा किये हुए सत्रीय कार्य के आधार पर आप उक्त पाठ्यक्रम का परीक्षा फार्म भर सकते हैं। जाचोपरांत आप अपना सत्रीय कार्य अध्ययन केन्द्र से अवश्य लें ताकि सत्रांत परीक्षा की तैयारी में आपको इसका लाभ मिल सकें। बिना सत्रीय कार्य जमा कराये आपको सत्रांत परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

### क्रेडिट पद्धति :

विश्वविद्यालय अपने अधिकांश कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट पद्धति का अनुसरण करता है। हमारी शिक्षण पद्धति में प्रत्येक क्रेडिट 30 घंटे के अध्ययन के बराबर होता है जिसमें सभी शिक्षण गतिविधियाँ तथा अध्ययन सामग्री पढ़ना और समझना, श्रव्य व दृश्य कार्यक्रमों में भाग लेना, परामर्श सत्रों में भाग लेना, टेलीकॉन्फ्रेसिंग और सत्रीय कार्यो के उत्तर देना सम्मिलित होता है। इस प्रकार 4 क्रेडिट वाले पाठ्यक्रमों में 120 घंटे का अध्ययन अपेक्षित है। इसमें शिक्षार्थियों को यह समझने में मदद मिलती है कि अपने कार्यक्रम को पूरा करने के लिए शिक्षार्थी को उस कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य, प्रैक्टिकल/परियोजना (यदि कोई हो तो) और सत्रांत परीक्षा को सफलतापूर्वक करना अनिवार्य है।

### कार्यक्रम दर्शिका :

आप अधिक सशक्त सलाह एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन अपनी कार्यक्रम दर्शिका (Programme Guide) में प्राप्त कर सकते हैं। आपको सलाह दी जाती है कि अपनी कार्यक्रम दर्शिका को कई बार पढ़े और इसे संभाल कर रखें, इसमें कार्यक्रम के दौरान जरूरत पड़ने वाले सभी प्रकार के फार्म/फार्मेट उपलब्ध है जिनकी छाया प्रति (Photocopy) आप प्रयोग कर सकते हैं इसके अतिरिक्त सभी आवश्यक फार्म/फॉर्मेट इग्नू की वैबसाईट www.ignou.ac.in>studentzone>downloads से भी प्राप्त कर सकते है।

Scanned by CamScanner

**पुनः पंजीकरण :**

वर्ष मे दो बार जनवरी व जुलाई सत्र के लिए, जैसा लागू हो, पुनः पंजीकरण का प्रावधान है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अगले सत्र के लिए निर्धारित समय पर पुनः पंजीकरण अवश्य करवाएँ। सेमेस्टर प्रणाली के शिक्षार्थी के लिए दोनों सत्र लागू रहेंगे। कृपया ध्यान दें यदि आपका प्रवेश जुलाई सत्र के लिए हुआ है तो आप जुलाई सत्र के लिए निर्धारित अवधि में फार्म अवश्य भर दें तथा इसके लिए सत्रांत परीक्षा देने की प्रतीक्षा न करें। पुनः पंजीकरण हेतु आवेदन केवल इग्नू की वेबसाईट www.ignou.ac.in पर उपलब्ध लिंक https://onlineadmission.ignou.ac.in/onlinerr के माध्यम से ही किया जा सकता है जिसके लिए फीस का भुगतान भी ऑन-लाईन ही किया जाएगा। ऑफ-लाईन पुनः पंजीकरण आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। इसके साथ ही इग्नू के समस्त आवेदन जैसे नवीन प्रवेश, पुनः पंजीकरण तथा सत्रांत परीक्षा इत्यादि कॉमन सर्विस सेन्टरों (Common Service Centres) के माध्यम से भी किये जा सकते हैं।

**पुनः पंजीकरण : की अनुसूची**

| जुलाई सत्र | जनवरी सत्र | विलम्ब शुल्क |
|---|---|---|
| 01 फरवरी से 31 मार्च | 01 अगस्त से 01 अक्टूबर | बिना विलम्ब शुल्क |
| 01 अप्रैल से 30 अप्रैल | 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर | 200/- |
| 01 मई से 31 मई | 01 नवम्बर से 30 नवम्बर | 500/- |
| 01 जून से 20 जून | 01 दिसमबर से 20 दिसम्बर | 1000/- |

**सत्रांत परीक्षा :**

इग्नू द्वारा प्रायः वर्ष में दो बार जून व दिसम्बर माह में सत्रांत परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसके लिए आपको नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार फार्म भरना होता है। सत्रांत परीक्षा देने से पहले अध्ययन केन्द्र में सत्रीय कार्य जमा करवाने अनिवार्य है। सत्रांत परीक्षा केवल सत्र की समाप्ति पर दी जा सकती है। वार्षिक सत्र के कार्यक्रमों की सत्रांत परीक्षा एक वर्ष तथा सेमेस्टर प्रणाली के कार्यक्रम की सत्रांत परीक्षा छः माह बाद दी जा सकती है। आप अपनी सत्रांत परीक्षा देश भर में स्थापित किसी भी परीक्षा केन्द्र पर दे सकते हैं, परन्तु इसके लिए आपको अपने फार्म मे संबंधित परीक्षा केन्द्र का कोड उल्लेखित करना होगा। अपना सत्रांत परीक्षा फार्म उस क्षेत्रीय केन्द्र को भेजें जिसके अन्तर्गत चयनित परीक्षा केन्द्र आता है। परीक्षा हेतु आवेदन केवल ऑनलाईन रूप में ही स्वीकार किये जायेंगे जिसकी सुविधा अब कॉमन सर्विस सेन्टरों (Common Service Centres) पर भी उपलब्ध है। अतः विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे सत्रांत परीक्षा हेतु ऑनलाईन फार्म निर्धारित अनुसूचीनुसार भरें।

**सत्रांत परीक्षा फार्म जमा कराने की अनुसूची**

| जून सत्रांत परीक्षा | दिसम्बर सत्रांत परीक्षा | विलम्ब शुल्क |
|---|---|---|
| 01 मार्च से 31 मार्च | 01 सितम्बर से 30 सितम्बर | बिना विलम्ब शुल्क |
| 01 अप्रैल से 20 अप्रैल | 01 अक्टूबर से 20 अक्टूबर | 300/- |
| 21 अप्रैल से 30 अप्रैल | 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर | 500/- |
| 01 मई से 15 मई | 01 नवम्बर से 15 नवम्बर | 1000/- |

**पुनर्मूल्यांकन :**

यदि विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम से सन्तुष्ट नहीं है और दोबारा उत्तर पुस्तिका की जांच करवाना चाहता है तो परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिन के भीतर आवेदन निर्धारित फीस 750/- रू प्रति पेपर के साथ क्षेत्रीय मुल्यांकन केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र भवन, सरखेज-गांधीनगर हाईवे, छारोड़ी, अहमदाबाद-382481(गुजरात) को भेजें। छात्र विस्तृत जानकारी के लिये इग्नू की website www.ignou.ac.in का अवलोकन करें।

हमें आशा है कि आप अपना कार्यक्रम सफलतापूर्वक समय पर पूरा करेंगे।

शुभकामनाओं सहित

**इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर**

**( डॉ. अजयवर्धन आचार्य )**
**क्षेत्रीय निदेशक ( प्रभारी )**

**नोट :**

1. इग्नू मुख्यालय नई दिल्ली, क्षेत्रीय केन्द्र जोधपुर अथवा अपने अध्ययन केन्द्र को भेजे जाने वाले पत्रों की फोटो प्रतिलिपि तथा भेजे गए डिमांड ड्राफ्ट व था अन्य पत्राचार की फोटो प्रतिलिपि एवं मूल डाक रसीद भविष्य में संदर्भ के लिए एक फाइल में अपने पास सुरक्षित रखें।
2. क्षेत्रीय केन्द्र, अध्ययन केन्द्र व परीक्षा केन्द्र आते समय शिक्षार्थी अपना पहचान-पत्र अवश्य साथ रखें। क्षेत्रीय केन्द्र का कार्य समय सोमवार से शुक्रवार प्रातः 9.30 से सायं 6.00 बजे तक रहेगा तथा अध्ययन समय सम्बन्धित समन्वयक तथा www.rcjodhpur.ignou.ac.in से भी प्राप्त कर सकते है।
3. पत्राचार करते समय अपना अनुक्रमांक, कार्यक्रम कोड, पूरा पता, फोन नंबर व ई-मेल स्पष्ट लिखें।

Scanned by CamScanner

## सम्पर्क - शिक्षार्थी संबंधित मुद्दे/समाधान

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पहचान-पत्र शुल्क प्राप्ति रसीद, प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration-Certificate) नाम में परिवर्तन, नाम/पता सुधार इत्यादि | क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर : 439, कमला नगर अस्पताल के सामने, कमला नेहरू नगर, पाल लिंक रोड, जोधपुर - 342008 फोन : 0291-2012987, 9414036579 ई-मेल : rcjodhpur@ignou.ac.in |
| 2 | अध्ययन सामग्री की प्राप्ति | सामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग (MPDD) इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 फोन : 011-29534521 ई-मेल : mpdd@ignou.ac.in |
| 3 | सत्रीय कार्य | इग्नू वेबसाईट www.ignou.ac.in>student.zone>Assignment |
| 4 | ऐच्छिक विषय/माध्यम में परिवर्तन / अतिरिक्त क्रेडिट को हटाना | क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर : 439, कमला नगर अस्पताल के सामने, कमला नेहरू नगर, पाल लिंक रोड, जोधपुर - 342008 फोन : 0291-2012987, 9414036579 ई-मेल : rcjodhpur@ignou.ac.in |
| 5 | परिणाम/ग्रेड कार्ड, प्रोविजनल प्रमाण-पत्र, परिणाम की शीघ्र घोषणा, प्रतिलेख इत्यादि तथा यदि अंक तालिका प्राप्त नहीं हुई है अर्थात डूप्लीकेट अंक तालिका हेतु | उप कुल सचिव ( परीक्षा-III ) विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, ब्लॉक12 ए कमरा नं. 1, इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 फोन : 011-29536103, 29572212, 295772211 स्नातक स्तर के कार्यक्रमों के लिये ई-मेल : bdresult@ignou.ac.in स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों के लिये ई-मेल : mdresult@ignou.ac.in |
| 6 | i ) सत्रीय कार्यो के ग्रेड/अंकों की अंकसूची में न जुड़ना ( यदि क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा भेजे जा चुके हैं ) | उप कुल सचिव ( सत्रीय कार्य ) विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, ब्लॉक 3, कमरा नं. 12, इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 फोन : 011-29571312, 26571319, 29571325 ई-मेल : assignment@ignou.ac.in |
| | ii ) सत्रीय कार्यो के अंक ग्रेड कार्ड में न लगना ( यदि अभी भेजे नहीं गए है ) | अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र से सम्पर्क करें |
| 7 | मूल डिग्री/डिप्लोमा जारी करना | सहायक कुल सचिव ( परीक्षा-I ) विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, ब्लॉक - इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 फोन : 011-29535438, 29572224, 29572213 ई-मेल : convocation@ignou.ac.in |
| 8 | पुनः प्रवेश और क्रेडिट अंतरण जिसके कार्यक्रम की अधिकतम समयावधि समाप्त हो चुकी है | विद्यार्थी पंजीकरण प्रभाग खण्ड-I, ओर 3 इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 |
| 9 | दृश्य-श्रव्य टेप की खरीद | विपणन एवं संचार केन्द्र इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 |
| 10 | शैक्षिक विषय वस्तु | संबंधित विद्यापीठ के निदेशक |
| 11 | परियोजना प्रस्ताव का अनुमोदन | संबंधित विद्यापीठ के परियोजना संयोजक |
| 12 | परियोजना रिपोर्ट जमा करना ( बी सी ए व एम सी ए को छोड़कर ) | सहायक कुल सचिव ( परियोजना ) विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, खण्ड-12, इग्नू मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 फोन : 011-2957132, 29571321 ई-मेल : projects@ignou.ac.in |
| 13 | बी सी ए व एम सी ए परियोजना/प्रस्ताव/रिपोर्ट जमा करना | क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर : 439, कमला नगर अस्पताल के सामने, पाल लिंक रोड, जोधपुर - 342008 फोन : 0291-2012987 मोबाईल : 9414036579 ई-मेल : rcjodhpur@ignou.ac.in |
| 14 | विद्यार्थी सहायता सेवाएं और विद्यार्थियों की शिकायतें, इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश पूर्व पूछताछ | ( क ) इग्नू अध्ययन केन्द्र<br>( ख ) निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र, जोधुपर<br>( ग ) निदेशक, विद्यार्थी सहायता केन्द्र मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 ई-मेल : ssc@ignou.ac.in फोन :011-29535714, 29572513, 29572514, 29533870 |

**विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी इग्नू की वैबसाइट www.ignou.ac.in/rcjodhpur.ignou.ac.in से प्राप्त कर सकते है शिक्षार्थी पंजीकरण, सत्रीय कार्य, संत्रांत परीक्षा का परिणाम, ग्रेड कार्ड, एवं पूर्व सत्रांत परीक्षा के प्रश्न पत्र, विभिन्न उपयोग में लाये जाने वाले फार्म इग्नू वैबसाईट www.ignou.ac.in "student zone" से प्राप्त कर सकते है।**

Scanned by CamScanner